**(REVISED COURSE)** Q.P. Code : **18117**

(3 Hours) **[ Total Marks : 100**

सूचना : (१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।
(२) उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न क्रमांक/उपप्रश्न क्रमांक **अवश्य** लिखिए ।
(३) आई.डी.ओ.एल.के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर आई.डी.ओ.एल. अवश्य लिखें ।

१. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए । **27**

(क) कलियों की बेदाग ताज़गी
पूजा के कुछ काम न आई,
बासी फूल चढ़े मंदिर में
अनुभव की दी गई दुहाई;

**अथवा**

मन का घाव हरा रखने को
अनचाहा हँसना पड़ता है ।
दीपक की खातिर अंगारा
अधरों में कसना पड़ता है;

(ख) न यथार्थ का कठोरतम अनुशासन आदर्श के सूक्ष्म चित्राधार पर कालिमा फेर सकता है, और न आदर्श का पूर्णतम विधान यथार्थ को शून्य आकाश बना सकता है ।

**अथवा**

पर इस निर्वासन में भी सीता का सौभाग्य अखण्डित है, वह राम के मुकुट को तब भी प्रणाम करता है ।

(ग) पत्थरों में अंकित यह मानव-जीवन का काव्य सारे संसार की कला और अध्यात्म की भूख को शांत करेगा ।

**अथवा**

क्या आध्यात्मिकता से पूर्व संसार नहीं है ? क्या वासना संसार की सब से आकर्षक और मायावी स्थिति नहीं है ? इसके चित्रण के बिना जीवन कभी अपनी समग्रता में अंकित नहीं हो सकता ।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **36**

(च) संघर्षों के बिना जीवन में सफ़लता नहीं मिलती'- जिंदगी आरंभ होती है कविता के प्रकाश में इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

त्यागीजी ने कविता 'जब मिलेगी रोशनी मुझसे मिलेगी' द्वारा मानव सेवा के जो संकल्प लिए हैं, उन्हें चित्रित कीजिए ।

(छ) श्रद्धा को परिभाषित करते हुए उसके विभिन्न प्रकारों का विवेचन कीजिए ।

**अथवा**

धर्म को आधुनिक युग में व्यवसाय से जोड़ने के प्रयत्न में वैष्णव कैसे सफल सिद्ध हुआ ?

(ज) शिल्पी और अलका के संबंध को लेकर यशोवर्मन की चिंता कैसे दूर हुई ?

**अथवा**

शिल्पी के चरित्र को प्रकाशित करते हुए उसके जीवन दर्शन की विवेचना कीजिए ।

३. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न उत्तर दीजिए । 12

'सभाएं बंद कर' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'कुटज' मनुष्य के समान परवश क्यों नहीं कहा जा सकता है ?

**अथवा**

अलका का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए । 15

(ट) एक भी आँसू न कर बेकार कविता में चित्रित संघर्ष का महत्त्व

**अथवा**

कवि के भयभीत होने के कारण

(ठ) संवाद की आवश्यकता

**अथवा**

यथार्थ और आदर्श का अंतर

(ड) चंडवर्मा का ईर्ष्या भाव

**अथवा**

माधव का अलका के प्रति प्रेम

५. एक वाक्य में उत्तर लिखिए । 10

(१) रामावतार त्यागी का जन्म कब हुआ ?
(२) कवि के होंठ किसने छील डाले ?
(३) कवि किसके पग पर शीश नहीं धरता है ?
(४) राम के तन से मिट्टी नोचकर कलाकार किसकी मूर्ति गढ़ रहे हैं ?
(५) एकमात्र प्राणी कौन है जो जानता है "मैं करूँगा"?
(६) यथार्थ और आदर्श की लेखिका का नाम लिखिए ?
(७) वाल्मिकि के वर्णन में किसकी प्रधानता है ?
(८) यशोवर्मन के दरबारी शिल्पकार का नाम बताइए ।
(९) आचार्य की स्त्री कौन थी ?
(१०) दर्शन का जन्म कैसे होता है ?

---